# प्रतिवेदन

कार्य का नाम :– जनपद पौड़ी गढ़वाल में पालकोट – बरस्वार मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.206हे0बन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 828 / III(2) / 08–64(प्रा0आ0) / 07 दि0 24.03.2008 के द्वारा किमी0 1 से 4 हेतु रू0 140.00 लाख मात्र की प्राप्त है। यह मार्ग फतेहपुर–लैन्सडौन मोटर मार्ग के किमी0 16 हे0मी0 8–10 से प्रारम्भ होता है, तथा 4किमी0 लम्बाई में ग्राम बरस्वार पहुच जाता है।

मोटर मार्ग में ग्राम पालकोट,गोयूं एवं बरस्वार की सिविल नाप भूमि एवं आरक्षित वन भूमि पड़ती है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| क0सं0 | भूमि का प्रकार | लम्बाई किमी0 में | चौड़ाई मी0 में | क्षेत्रफल हे0 में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आरक्षित वन भूमि | 0.470 | 9.00 | 0.423 |
| 2. | सिविल सोयम भूमि | 0.870 | 9.00 | 0.763 |
| 3. | नाप भूमि | 2.660 | 9.00 | 2.394 |
| | योग | **4.00** | **9.00** | **3.600** |

यह क्षेत्र अत्यन्त दुर्गम एवं पिछड़ा है जहां यातायात की कोई सुविधा नही है। स्वीकृत मोटर मार्ग में दो संरेखण प्रस्तावित किये गये जिसमें दोनों संरेखणों में आरक्षित वन भूमि पड़ रही है। जिनकी विस्तृत आख्या निम्न है :–

**संरेखण नम्बर–1(स्वीकृत संरेखण)** :– यह संरेखण पूर्व निर्मित (2.325किमी0) मार्ग से होता हुआ प्रारम्भ होता है। इस संरेखण में 15एच0पी0बैण्ड आते है, जिसमें 10बैण्ड पूर्व निर्मित मार्ग है। पूर्व निर्मित मार्ग में 1:14, 1:15 एवं 1:16 का डाउन ग्रेड है तथा इससे आगे 4किमी0 तक 1:18, 1:21, 1:22, 1:24, 1:17 एवं 1:20 के डाउन ग्रेड में होकर जाता है।

**संरेखण नम्बर–2 (वैकल्पिक संरेखण)** :– यह संरेखण भी पूर्व निर्मित मार्ग के प्रारम्भ बिन्दु से निकलता है, इस संरेखण के प्रारम्भ में ही होटल निर्माण चल रहा है तथा आस–पास की भूमि विक्रय हो चुकी है। जिस कारण विवाद है, तथा मार्ग की लम्बाई अधिक होने के कारण ग्राम बरस्वार नही जुड़ पायेगा। इस दृष्टि से संरेखण नम्बर 1 निर्माण हेतु उपयुक्त प्रतीत होता है।

| | | |
|---|---|---|
| अपर सहायक अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन गढ़वाल। | सहायक अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन गढ़वाल। | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन गढ़वाल। |